
कक्षा–Q

गणित

दिनांकः

## समझें और करें

दिवस *137



100 पैसे = 1 रुपया

### हल करें

(1) 500 पैसे = .............रुपये

(2) 300 पैसे = .............रुपये

(3) 200 पैसे = .............रुपये


(4) 700 पैसे = .............रुपये

(1) आपने कितने–कितने रुपये के सिक्के और नोट देखें हैं ?

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : मुद्रा (रुपये एवं पैसों के बीच सम्बन्ध) – बच्चों से पूछें कि आपने कौन–कौन से मूल्य के सिक्के देखें है। उन्हें पहले चलनेवाले कुछ सिक्कों, जैसे– 10 पैसे, 20 पैसे, 25 पैसे इत्यादि के बारे में बताएँ। फिर, उन्हें 10 पैसे, 20 पैसे, 25 पैसे का संबंध 1 रुपये के साथ बताएँ– 10 पैसे के 10 सिक्के 1 रुपया के बराबर होते हैं, 20 पैसे के 5 सिक्के 1 रुपया के बराबर होते हैं, 25 पैसे के 4 सिक्के 1 रुपया के बराबर होते हैं। यहाँ बच्चों को ये भी समझाएँ कि 100 पैसे = 1 रुपया । बच्चों से 200 पैसे, 500 पैसे, 300 पैसे, 600 पैसे इत्यादि बराबर कितने रुपये होंगे, यह पूछें। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप– 18 देखें।

© BSTBPC WEB COPY :NOT TO BE REPUBLISHED

## समझें और करें



## जोड़ी बनाएँ



शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ **:**मुद्रा (एक दी गयी राशि को विभिन्न तरीकों से बनाना) – आज के दिवस शिक्षक बच्चों को बताएँ कि एक दिये गए मूल्य के रुपये को अलग–अलग तरह से प्राप्त किया जा सकता है। उदा : 10 रुपये के लिए हम एक 10 का नोट ले सकते हैं या दो 5–5 का नोट या पाँच 2 के सिक्के। इस तरह के कुछ और उदाहरण बोर्ड पर लिखकर बच्चों के साथ चर्चा करते हुए समझाएँ।

**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 18 देखें।

कक्षा-Q | गणित

दिनांकः

## समझें और करें

दिवस *139




चित्र देखकर जवाब दें।

प्र न– मोहन खिलौनों की दुकान पर गया। दुकानदार ने बताया हरएक लाल खिलौना 15 रुपये, हरा 25 रुपये और पीला 20 रुपये का है। उसने 1 लाल और 1 हरा खिलौना लिया। बताएँ उसने कितने रुपये का खिलौना खरीदा ?

उत्तर– ________

| | | | कुल कितने रुपये |
|---|---|---|---|
| (1) |  | = | 15 रुपये |
| (2) |  | = | ____ रुपये |
| (3) |  | = | ____ रुपये |
| (4) |  | = | ____ रुपये |
| (5) |  | = | ____ रुपये |

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ :मुद्रा (रुपये जोड़ना) – विभिन्न मूल्य के रुपये/सिक्कों को जोड़कर एक नई राशि बोर्ड पर बनाएँ। उदा : 10 के दो नोटों को जोड़ने पर 20 रुपये होते हैं। इसी तरह के 2–3 उदाहरण बोर्ड पर लिखकर समझाएँ।
**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 18 देखें।

दिनांकः

## समझें और करें

दिवस *140

| | |
|---|---|
| (1) मीनू को 10 रुपये बनाने के लिए 2 रुपये के कितने सिक्के चाहिए ? | |
| (2) यदि एक चॉकलेट का मूल्य 4 रुपये है तो गीता को 5 चॉकलेट खरीदने में कितने रुपये लगेंगे? | |
| (3) मीना के पास 2 रुपये के पाँच और 20 रुपये का 1 नोट है, तो उसके पास कुल कितने रुपये हैं? | |
| (4) आपने दुकानदार से 30 रुपये का सामान लिया और उसे 50 रुपये दिए तो दुकानदार आपको कितने रुपये वापस करेगा ? | |
| (5) आपके पास 20 रुपये का एक नोट है और आपकी बहन के पास 10 रुपये के कुछ नोट हैं तो आप 20 रुपये के बदले उससे कितने 10 रुपये के कितने नोट लेंगे? | |

## समझें और करें

| | |
|---|---|
| 1 रुपये बराबर कितने 25 पैसे | 10 रुपये बराबर कितने 1 रूपये |

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : मुद्रा (इबारती सवाल) – कुछ इबारती सवाल लेते हुए दो–तीन बार बोलकर बोर्ड पर लिखें फिर रुपये को जोड़ने की समझ दें।(उदा. इरफान अपने घर से 50 रू. लेकर स्कूल गया था। उसने 15 रु. राहुल, 5 रु. नीलू एवं 10 रु. सोहन को दिये, तो अब इरफान के पास कुल कितने रुपये होंगे ?) **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप– 18 देखें।